समाचार

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021

# सुनालिया से रेलवे स्टेशन तक चलाया गया स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता अभियान

(सुनालिया पुल के नीचे व सड़क किनारे कचरा फेंकने वालों पर लगाया गया अर्थदण्ड)



कोरबा 27 नवम्बर 2020 –स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के मद्देनजर नगर पालिक निगम कोरबा के स्वच्छता कमाण्डों एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आज सुनालिया पुल से रेलवे स्टेशन तक विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया, इस दौरान स्वच्छतामित्रों द्वारा विशेष सफाई कार्य किए गए, लोगों के प्रति जागरूक किया गया तथा पुल के नीचे व सड़क के किनारे कचरा फेंकने वालों पर अर्थदण्ड लगाया गया।

यहां उल्लेखनीय है कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी देश के शहरों के बीच स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्य शासन द्वारा किया जाना हैं, अपने कोरबा शहर को सर्वेक्षण में सम्मानजनक स्थान मिले एवं पूर्व वर्षो में प्राप्त रैंकिंग में और अधिक सुधार होकर उच्च रैंकिंग प्राप्त हों, इस हेतु निगम द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों की जा रही है। अन्य आवश्यक तैयारियों के साथ–साथ स्वच्छता के प्रति आमलोगों को जागरूक करने का कार्य भी एक अभियान के रूप में निगम द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कोरबा शहर स्थित सुनालिया पुल से रेलवे स्टेशन तक निगम अमले द्वारा विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया, उक्त मार्ग के किनारे बसी स्लम बस्तियों लक्ष्मणबन, संजयनगर, महावीर बस्ती आदि में निगम के स्वच्छता कमाण्डों तथा विभाग के कर्मचारियों ने पहुंचकर वहां के निवासियों को सफाई के प्रति जागरूक किया। इस दौरान डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदियों की उपस्थिति में बस्ती के निवासियों को समझाईश दी गई कि चूंकि निगम द्वारा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था की गई है, स्वच्छता दीदियां अपना रिक्शा लेकर प्रतिदिन आपकी बस्ती में पहुंच रही हैं, अतः घर से निकले हुए सूखे व गीले कचरें को पृथक–पृथक डस्टबिन में रखकर स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही दें तथा कचरे को सड़क, नाली आदि में कदापि न फेंके। उन्हें समझाईश देते हुए कहा गया कि शहर को साफ–सुथरा रखने के लिए निगम सभी आवश्यक कार्य कर रहा है, शहर सुंदर रहे, स्वच्छ रहें, इसमें आप सभी का सहयोग मिलना भी अत्यंत जरूरी है। इस मौके पर सड़क किनारे व पुल के नीचे कचरा फेंकने वालों पर सांकेतिक रूप से अर्थदण्ड भी लगाया गया।